अतिक्रमण | सडकों पर पसरा है अतिक्रमण का जाल

# मुख्य मार्गों के किनारे कटीली झाड़ियों से हो रहीं दुर्घटनाएं

**नवभारत,पथरिया । पथरिया क्षेत्र अंतर्गत मुख्य सडको पर कटीली झाड़ियों से दो पहिया वाहन चालकों के साथ-साथ अन्य वाहन चालकों को कटीली झाड़ियाँ बुरी तरह घायल कर रही है।**

ज्यादातर रात के अंधेरे में दो पहिया वाहन चालकों के लिए मुँह पर वाहनों की तेज लाइट से सडकों पर पसरे अतिक्रमण और झाडियों से आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाए हो रही है इतना ही नहीं कुछ लोगों की तो उक्त सडकों पर पूरी जीवन लीला ही समाप्त हो चुकी है और दुर्घटनाओ में हो रहे इजाफे अस्पतालों में खुली आँखों से देखे जा सकते है। एमपी आरडीसी कंपनी के दमोह-पथरिया-गढ़ाकोटा एवं पथरिया से केरबना मार्ग पर ज्यादातर कटीली झाड़ियाँ देखी जा सकती है लेकिन उक्त कम्पनी द्वारा न जंगल सफाई करवाई जा रही है और न सडकों पर पसरे अतिक्रमण को हटाया जा रहा है एवं पथरिया से दमोह मार्ग पर विद्युत विभाग के ठेकेदारो द्वारा बिना अनुमति के पोल खड़े कर दिए उक्त सभी चीजें गंभीर समस्याए बनी हुई है जिससे लोगों की जन-धन की क्षति हो रही है ।



> उक्त गंभीर समस्याओं से निजाज पाने के लिए लोगों द्वारा शासन प्रशासन से सड़कों पर पसरे अतिक्रमण और जंगल सफाई की माँग की जा रही है।

# लड़कियों और महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना आज सबसे बड़ी जरूरत

### ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गूंजा वरिष्ठ कोच निधी दुबे का संदेश

**नवभारत,दमोह।** ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गूंजा वरिष्ठ कोच निधी दुबे का संदेश लड़कियों और महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना आज सबसे बड़ी जरूरत जबलपुर मानव क्रीड़ा व कला एकेडमी और जबलपुर ताईक्वांडो यूनियन के तत्वावधान में रॉक फोर्ड फाउंडेशन स्कूल, मदन महल में एक दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन ताईक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस सफल कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार और आयोजक अंतर्राष्ट्रीय ताईक्वांडो कोच राजकुमार यादव (संस्थापक, मानव क्रीड़ा व कला एकेडमी) रहे, जिनके बेहतरीन प्रबंधन में इस विशाल प्रतियोगिता को संपन्न कराया गयाकार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय कोच राजकुमार यादव और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ ताईक्वांडो कोच श्रीमती निधी दुबे जी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।वरिष्ठ कोच निधी दुबे ने दिया महिला सशक्तिकरण का बड़ा संदेश प्रतियोगिता के मंच से खिलाड़ियों और जनसमूह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्रीमती निधी दुबे का वक्तव्य मुख्य आकर्षण रहा। उन्होंने बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा और उनके स्वावलंबन का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाते हुए कहा। आज के समय में हर लड़की और महिला का आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है। ताईक्वांडो केवल मेडल जीतने का खेल नहीं है, बल्कि यह बेटियों को आत्मरक्षा का वो अचूक हथियार देता है जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।





# जबलपुर में दमोह के खिलाड़ी ने लहराया जीत का परचम

**नवभारत,दमोह।** जबलपुर में आयोजित समर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में दमोह ताइक्वांडो अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी किशन रैकवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक (गोल्ड मैडल) अपने नाम किया। इस शानदार उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने परिवार और अकादमी का, बल्कि पूरे दमोह जिले का गौरव बढ़ाया है प्रतियोगिता के दौरान किशन रैकवार ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए सभी मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनकी इस सफलता के पीछे उनके गुरु एवं प्रशिक्षक मास्टर नीरज दुबे का विशेष योगदान रहा,जिनके कुशल मार्गदर्शन, निरंतर प्रशिक्षण और प्रेरणा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई मास्टर नीरज दुबे ने बताया कि किशन ने कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की है और भविष्य में वह राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी दमोह का नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं। किशन रैकवार की इस उपलब्धि पर दमोह ताइक्वांडो अकादमी, खेल प्रेमियों, अभिभावकों व जिलेवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।



### कल मनाई जायेगी महाराणा प्रताप जयंती छात्र होगे सम्मानित



**नवभारत,दमोह।** जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा प्रतिवर्षानुसार महाराणा प्रताप जयंती समारोह दिनांक 17 जून 2026 दिन बुधवार को धूमधाम से मनाई जायेगी,कार्यक्रम के अन्तर्गत शाम 05 बजे से शौर्य यात्रा वाहन रैली के रूप में भव्यता के साथ निकाली जायेगी जो महाराणा प्रताप चौक से वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत प्रारंभ होगी एवं किल्लाई नाका, तीन गुल्ली, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, से घंटाघर होते हुये अस्पताल चौराहा से सीधे जबलपुर नाका महाराणा प्रताप चौक पर समाप्त होगी, तदुपरांत मंचीय कार्यक्रम होगे, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यादवेन्द्र सिंह विधायक टीकमगढ़ (चार बार के विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री) होगे, राजपूत क्षत्रिय महासभा के द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मानित किया जायेंगा।

# सोमवती अमावस्या पर बांदकपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**श्री देव जागेश्वरनाथ मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं के लिए किए थे व्यापक प्रबंध**

**नवभारत,बांदकपुर/दमोह.** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री देव जागेश्वरनाथ महादेव मंदिर बांदकपुर में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए मंदिर गर्भ गृह में प्रवेश निषेध किया गया था. बाहर से ही जल चढ़ाने एवं दर्शन की सुविधा रखी गई. मंदिर ट्रस्ट द्वारा व्यापक व सुव्यवस्थित तैयारियां पहले ही कर ली गई थी. ट्रस्ट के सदस्य अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर प्रशासन व ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा व धार्मिक व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए .मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा भगवान श्री जागेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध व शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी।





### शिवजी को बेलपत्र अर्पित करने से तीन जन्मों के पाप होते हैं नष्ट : पंडित रवि शास्त्री

भगवान शिव की आराधना में बेलपत्र का विशेष महत्व बताया गया है शास्त्रों में वर्णित है कि जो भक्त श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र अर्पित करता है उसके तीन जन्मों तक के पापों का नाश हो जाता है तथा उसे भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है यह बात मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता एवं प्रसिद्ध कथाव्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुओं को कही आचार्य श्री ने बताया कि सनातन धर्म के विभिन्न पुराणों एवं शिवमहापुराण में बेलपत्र की महिमा का विस्तार से वर्णन मिलता है। भगवान शिव को जल, बेलपत्र, धतूरा भस्म और आक विशेष प्रिय हैं किन्तु इनमें भी बेलपत्र का स्थान सर्वोच्च माना गया हैउन्होंने कहा कि बेलपत्र की तीन पत्तियां भगवान शिव के त्रिनेत्र, त्रिगुण त्रिदेव तथा त्रिलोक के प्रतीक मानी जाती हैं जब भक्त सच्ची श्रद्धा से शिवलिंग पर बेलपत्र अर्पित करता है तो वह अपने जीवन के पापों कष्टों और मानसिक विकारों से मुक्ति की दिशा में अग्रसर होता है .

### जलखण्डेश्वर धाम में भक्तों ने किया जलाभिषेक



नवभारत,दमोह। सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर गैसाबाद स्थित जलखण्डेश्वर धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा,सुबह से ही भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की,सोमवती अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे. मंदिर परिसर में दिनभर भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे.श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति ने भी व्यवस्थाएं की थीं .



### अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत,दमोह। नरसिंहगढ़ अंतर्गत एमपीईबी कार्यालय में ग्राम जेरठ पंचायत के करीब 60-70 लोगों ने इकट्ठा होकर अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने शांतिपूर्वक विद्युत अधिकारी संदीप पटेल को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में हो रही बार-बार की बिजली कटौती से हो रही परेशानी बताई। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकी नरसिंहगढ़ प्रभारी उप निरीक्षक रोहित द्विवेदी व चौकी का बल मौके पर उपस्थित रहा।

# ऑल इंडिया स्तर पर हासिल की 13वीं रैंक

**नवभारत/सिंग्रामपुर/** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित नर्सिंग ऑफिसर भर्ती परीक्षा 2026 में एक उल्लेखनीय सफलता सामने आई है ।दमोह निवासी अनुज सिंह ने इस कठिन प्रतियोगी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए चयन सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। अनुज सिंह जिनके पिता नारायण सिंह थाना जबेरा के सिंग्रामपुर पुलिस चौकी में पदस्थ थे ग्राम में हर्ष का माहौल बना हुआ है !प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन अनुज सिंह ने परीक्षा के पहले चरण में 98.9: अंक प्राप्त कर उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद दूसरे चरण में उन्होंने ऑल इंडिया स्तर पर 13वीं रैंक हासिल की, जो सामान्य श्रेणी (पुरुष वर्ग) में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। चयन और पोस्टिंग मेरिट सूची में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के बाद अनुज सिंह का चयन नर्सिंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। उनकी पोस्टिंग अब एआईआईएमएस भोपाल में सुनिश्चित की गई है। उपलब्धि का महत्व एआईआईएमएस जैसी राष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा संस्थाओं में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयन अत्यंत प्रतिस्पर्धी माना जाता है। इस परीक्षा में लाखों अभ्यर्थी शामिल होते हैं, जिसमें सीमित पदों पर चयन होता है ऐसे में ऑल इंडिया रैंक 13 प्राप्त करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।






# मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी : व्याख्यान एवं रचना पाठ आयोजित

**नवभारत,दमोह।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में ज़िला अदब गोशा, दमोह के द्वारा सिलसिला एवं तलाशे जौहर के तहत व्याख्यान व रचना पाठ का आयोजन 14 जून, 2026 इतवार को दोपहर 1 बजे से छत्रछाया रिपब्लिक स्कूल, दमोह में ज़िला समन्वयक अदीब दमोही के सहयोग से किया गया। दमोह में आयोजित सिलसिला एवं तलाशे जौहर के लिए मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने अपने संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी साहित्य और संस्कृति के विविध आयामों पर सार्थक संवाद की परंपरा को आगे बढ़ा रही है।आज जब पर्यावरण संरक्षण विश्वव्यापी चिंता का विषय है, तब साहित्य की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। साहित्य केवल समाज का दर्पण ही नहीं, बल्कि उसके विवेक और संवेदनशीलता का वाहक भी है। उर्दू शायरी में प्रकृति, पर्यावरण और मानवीय जीवन के पारस्परिक संबंधों को सदैव अभिव्यक्ति मिली है। ऐसे विषयों पर आयोजित साहित्यिक गोष्ठियाँ समाज में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपने परिवेश के प्रति उत्तरदायी बनने की प्रेरणा देती हैं।

### ओवरलोड की समस्या से मिली राहत,राय चौराहा में 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित

**नवभारत,दमोह.** दमोह शहर वितरण केंद्र अंतर्गत राय चौराहा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को अब बेहतर व निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ते विद्युत भार के कारण स्थापित 200 केवीए ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड की स्थिति निर्मित हो रही थी, जिससे बार-बार डीओ ट्रिप होने और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही थीं। मामले की जानकारी मिलते ही अधीक्षण अभियंता, दमोह ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यपालन अभियंता,दक्षिण संभाग दमोह एम.एल.साहू को आवश्यक निर्देश दिए।उनके निर्देशन में विभाग द्वारा राय चौराहा क्षेत्र में लोड बैलेंसिंग का कार्य कराते हुए अतिरिक्त 200केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया।नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से क्षेत्र के लगभग 410 विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिला है।



# गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार मोटरसाईकिल एवं दो मोबाइल जब्त

**कुम्हारी ।** मुखबिर से प्राप्त सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कुम्हारी एवं पुलिस टीम के द्वारा 02 आरोपियों सरमुन्दर पिता इंताश पारदी उम्र 22 वर्ष तथा निटी पिता बर्फ सिंह पारदी उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी ग्राम हरदुआ थाना कुठला जिला कटनी (म.प्र.) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 02 लाख रूपए ,एक जावा कंपनी की मोटरसाइकिल क्र. एमपी-21-जेड जे-6649 कीमती करीबन 02 लाख रूपए एवं दो मोबाइल कीमती करीबन 20 हजार रूपए कुल मशरूका कीमती करीबन 4 लाख 20 हजार रूपए जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

## एक नजर में

### प्रआ के बेटे ने एसपी को भेंट किया हाथ से बना स्क्रैच



नवभारत,दमोह। जिला पुलिस बल दमोह में पदस्थ प्रधान आरक्षक दिनेश कुमार चौधरी के पुत्र देवांश चौधरी ने अपने पिता के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) को हाथ से बनाया हुआ स्क्रैच भेंट किया। पुलिस अधीक्षक ने देवांश के बनाए स्क्रैच की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने देवांश को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रधान आरक्षक दिनेश कुमार चौधरी भी मौजूद रहे।

### योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा



**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने 15 जून को जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों व एसडीएम के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण तथा 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा कर समुचित दिशा-निर्देश दिए।

### डाइट के छात्राध्यापक चलाएंगे शिक्षा सेतु कार्यक्रम



**नवभारत,दमोह।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान 2026-27 में अपने यहां अध्यनरत छात्राध्यापकों के सहयोग से शिक्षा सेतु कार्यक्रम चलाएगा जिसके अंतर्गत संस्थान में अध्यनरत 200 छात्राध्यापक अपने-अपने गांव में ऐसे विद्यार्थी जो शाला से बाहर हैं एवं जो विद्यालय अनियमित रूप से उपस्थित होते है,उनका सर्वे कार्य करेगे उनका चिन्हांकन करने के बाद संबंधित विद्यार्थियों के अभिभावकों से मिलकर उन बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करेगे साथ ही साथ प्रत्येक शनिवार को जब संस्थान में अवकाश रहता है सभी छात्राध्यापक अपने द्वारा प्रवेश करवाए किए गए छात्रों को आवश्यक शैक्षिक सहयोग भी प्रदान करेंगे।

# जिला जेल में प्रदेशव्यापी साप्ताहिक योग शिविर का आयोजन

### कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति ने किया ऑनलाईन शुभारंभ

**नवभारत,दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रदेश की समस्त जेलों में आयोजित किये जा रहे प्रदेशव्यापी साप्ताहिक योग शिविर अभियान के अंतर्गत आज 15 जून 2026 करे जिला जेल दमोह में योग शिविर का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 15 जून 2026 से 21 जून 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर संचालित किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय जेल जबलपुर से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के श्री विवेक रूसिया ने व्ही.सी. के माध्यम से किया गया, उक्त अवसर पर केन्द्रीय जेल जबलपुर में रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह उच्च न्यायालय जबलपुर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर कृष्णमूर्ति मिश्रा, सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर उपस्थित रहे।जिला जेल दमोह में उक्त योग शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जिला जेल अधीक्षक एम.एल. पटैल, सहायक अधीक्षक रोहित सिंह सहित जेल स्टाफ तथा बंदीगण रहें.



# धर्मपुरा नाका की तलैया में मिला शव, पुलिस ने जांच शुरू की

**नवभारत,दमोह।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुरा नाका स्थित तलैया में सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव तैरता मिलने से सनसनी फैल गई.सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली से एएसआई रघुराज सिंह, आरक्षक रतिराम और नवीन मौके पर पहुंचे. पुलिस ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कराकर शिनाख्त कराई.मृतक की पहचान बड़ेपुरा निवासी चंदू उर्फ चंद्रकांत पिता बाबूलाल अहिरवार, उम्र करीब 50 वर्ष के रूप में हुई है पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया.सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.



# 24 घंटे में हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**एसपी के निर्देश पर गठित टीम ने की त्वरित कार्रवाई**

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) द्वारा जिले में गंभीर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश पर दमोह देहात पुलिस ने हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई की है.13 जून को चौकी नरसिंहगढ़ अंतर्गत ग्राम रामपुर निवासी 70 वर्षीय माखन पटेल की आरोपियों द्वारा एक राय होकर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही एसपी आनंद कलादगि ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडे के सतत मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दमोह देहात व चौकी प्रभारी नरसिंहगढ़ रोहित द्विवेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 24 घंटे के भीतर मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया. एसपी ने टीम के इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है.



शिविर | पेंशन स्वीकृति संबल,किसान क्रेडिट कार्ड व पीएम स्वनिधि के लाभ वितरित

# जनकल्याण शिविर में योजनाओं का लाभ पाने उमड़े हितग्राही

**नवभारत,दमोह। मध्य प्रदेश शासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित जनकल्याण शिविर का संयुक्त आयोजन 15, 16 एवं 18 जून को जनपद पंचायत दमोह व नगर पालिका परिषद दमोह द्वारा किया जा रहा है।**

शिविर के प्रथम दिवस स्थानीय मानस भवन, दमोह में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने सहभागिता कर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया ।कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत दमोह अंतर्गत प्राप्त 119 आवेदनों का निराकरण किया गया। साथ ही 10 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जय मां 64 जोगनी स्व-सहायता समूह की सदस्यों को 9 लाख रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त 3 नवीन स्व-सहायता समूहों को स्वीकृति प्रदान की गई तथा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई। शिविर में 16 मरीजों को नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि नगर पालिका परिषद दमोह क्षेत्र से प्राप्त 350 आवेदनों पर कार्रवाई की गई है।




### शिविर बना हितग्राहियों के लिए लाभ का माध्यम

शिविर के माध्यम से पात्र नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी, आवेदन प्रक्रिया तथा त्वरित निराकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। इनमें संबल योजना, आयुष्मान योजना, पीएम स्वनिधि योजना एवं संनिर्माण कर्मकार योजना से संबंधित आवेदन शामिल हैं। सभी आवेदनों की ऑनलाइन फीडिंग कर उन्हें आगामी प्रक्रिया हेतु प्रेषित किया गया है। वहीं 150 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम में रमाकांत बाजपेई, राजेंद्र चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व शहर तथा जनपद क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए हितग्राही उपस्थित रहे।